झील पिपरिया में एलईडी और स्ट्रीट लाइट के नाम पर करीब 3.89 लाख रुपए खर्च, भुगतान पत्रकों पर सचिव के हस्ताक्षर नहीं होने का दावा

इटावा पंचायत में एलईडी खरीदी के नाम पर चार लाख का बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया, बाबा ठाकुर

तामिया जनपद पंचायत में पिछले लगभग चार माह से मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पद रिक्त होने के बीच ग्राम पंचायतों के कामकाज और सरकारी राशि के उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। तामिया सेक्टर की ग्राम पंचायत इटावा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झील पिपरिया में एलईडी और स्ट्रीट लाइट की खरीदी के नाम पर किए गए भुगतान को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि पांचवें राज्य वित्त आयोग की राशि से किए गए इन भुगतानों में आवश्यक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। हालांकि, मामले में वास्तविक स्थिति आधिकारिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

दो दुकानों से खरीदी के नाम पर लाखों का भुगतान

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत इटावा में पांचवें राज्य वित्त आयोग की राशि से 7 सितंबर 2026 को छिंदवाड़ा की एक दुकान को एलईडी ऊर्जा विभाग स्पेसिफिकेशन के नाम पर 2 लाख 36 हजार 510 रुपए का भुगतान किया गया। इस भुगतान पत्रक पर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर नहीं होने का दावा किया जा रहा है।

इसी प्रकार, जुन्नारदेव की एक अन्य दुकान से स्ट्रीट लाइट खरीदी के नाम पर 1 लाख 52 हजार 891 रुपए का भुगतान किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस भुगतान के संबंध में भी पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध रिकॉर्ड में सचिव के हस्ताक्षर नहीं होने की बात कही जा रही है। दोनों भुगतानों की कुल राशि 3 लाख 89 हजार 401 रुपए होती है। इन भुगतानों के आधार, खरीदी गई सामग्री की वास्तविक मात्रा, आपूर्ति और





छोटे गांव में इतनी लाइटों की खरीदी पर सवाल

मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल ग्राम झील पिपरिया में स्ट्रीट लाइट के नाम पर की गई खरीदी को लेकर उठ रहा है। आरोप लगाने वालों का कहना है कि गांव छोटा है और वहां उपलब्ध बिजली के खंभों की संख्या के लिहाज से इतनी बड़ी मात्रा में स्ट्रीट लाइट की खरीदी संदेह पैदा करती है। ऐसे में यह जांच जरूरी है कि कितनी लाइटें खरीदी गईं, कितनी ग्राम पंचायत को प्राप्त हुईं और वास्तव में कितनी लाइटें लगाई गईं। छिंदवाड़ा और जुन्नारदेव की अलग-अलग दुकानों से खरीदी के नाम पर भुगतान किए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, केवल अलग-अलग दुकानों से खरीदी होना अपने आप में अनियमितता का प्रमाण नहीं है। वास्तविक स्थिति जानने के लिए बिल, स्टॉक रजिस्टर, सामग्री प्राप्ति प्रमाण-पत्र और मौके पर स्थापित लाइटों का भौतिक सत्यापन आवश्यक है।

पंचायत दर्पण के रिकॉर्ड की जांच की मांग

पंचायत से भुगतान की प्रक्रिया में भुगतान तैयार करने, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने और निर्धारित डिजिटल प्रमाणीकरण के बाद राशि जारी किए जाने की व्यवस्था होती है। आरोप है कि संबंधित भुगतानों के दस्तावेजों में सचिव के हस्ताक्षर दिखाई नहीं दे रहे हैं। इससे भुगतान की प्रक्रिया और आवश्यक अनुमोदन को लेकर संदेह पैदा हो रहा है। यदि भुगतान पत्रकों पर हस्ताक्षर नहीं हैं, तो यह पता लगाना जरूरी होगा कि भुगतान किस स्तर पर स्वीकृत किए गए और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रमाणीकरण हुआ था या नहीं। इसके लिए पंचायत दर्पण पोर्टल के मूल रिकॉर्ड, भुगतान संबंधी डिजिटल लॉग, बिल और संबंधित मोबाइल पर भेजे गए ओटीपी के सत्यापन की जांच महत्वपूर्ण होगी।

सचिव ने भुगतान पत्रकों पर हस्ताक्षर होने की बात कही

इस मामले में ग्राम पंचायत इटावा के सचिव अनंत लाल भारती से चर्चा किए जाने पर उन्होंने भुगतान किए गए बिलों पर हस्ताक्षर होने की बात कही। दूसरी ओर, शिकायतकर्ताओं का दावा है कि पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध रिकॉर्ड में हस्ताक्षर नहीं दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सचिव के कथन और पोर्टल पर उपलब्ध दस्तावेजों का मिलान कराना जरूरी है। ग्राम पंचायत में किए गए भुगतानों को लेकर उठे सवालों के बीच संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की अपेक्षा की जा रही है। जांच में ग्राम सभा एवं पंचायत के प्रस्ताव, खरीदी संबंधी स्वीकृति, दुकानों के बिल, भुगतान पत्रक, डिजिटल प्रमाणीकरण और सामग्री के भौतिक सत्यापन को शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही स्वच्छता सामग्री एवं अन्य निर्माण कार्यों की भी जांच की जाए, ताकि सरकारी राशि के उपयोग की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। यदि जांच में अनियमितता प्रमाणित होती है, तो नियमानुसार जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए।

स्वच्छता सामग्री की खरीदी पर भी लगाए आरोप

ग्राम पंचायत इटावा में स्वच्छता सामग्री की खरीदी के नाम पर भी कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि पंचायत में निर्माण कार्यों और सामग्री खरीदी की प्रक्रिया की नियमित निगरानी नहीं हो रही है। जनपद पंचायत में सीईओ का पद रिक्त होने के कारण प्रशासनिक निगरानी प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित बिलों, स्वीकृत प्रस्तावों, निर्माण कार्यों के अभिलेखों और मौके पर उपलब्ध सामग्री की जांच आवश्यक है। सरपंच महिला आदिवासी होने के कारण पंचायत का संचालन दुकानदारों के प्रभाव में होने संबंधी आरोप भी लगाए गए हैं, लेकिन इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

जंगली जानवरों के लिए खेत में बिछाया करंट बना मौत का कारण, दो आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से तार और बांस जब्त, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जंगली जानवरों से मक्का की फसल बचाने के लिए खेत में बिछाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में मोहखेड़ पुलिस ने जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बिजली का तार और एक बांस भी जब्त किया है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जंगली जानवरों को मारने के लिए बिछाया था तार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 21 सितंबर 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि लोहांगी निवासी प्रदीप पिता गोपाल तिरगाम की बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गई है। इस पर मोहखेड़ थाने में मर्ग क्रमांक 99/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 20 सितंबर को शाम 4 बजे से रात 9 बजे के बीच आरोपियों ने अपने खेत में जंगली जानवरों से मक्का की फसल बचाने के उद्देश्य से जीआई तार बिछाया था। इस तार में बिजली का करंट प्रवाहित किया गया था।

पुलिस जांच के मुताबिक, आरोपी अशोक खौशी ने अपने खेत में जीआई तार फैलाया था, जबकि घनश्याम कासेकर ने अपने घर के बिजली कनेक्शन से वायर जोड़कर उसमें करंट प्रवाहित किया। इसी दौरान खेत की मेड़ से गुजर रहे प्रदीप तिरगाम की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।



मामला दर्ज कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

जांच में दोनों आरोपियों का कृत्य सामने आने पर 20 अक्टूबर 2026 को थाना मोहखेड़ में अपराध क्रमांक 526/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 3(5) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वी) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी घनश्याम कासेकर, पिता स्वर्गीय पंतराम कासेकर (62), निवासी लोहांगी तथा अशोक खौशी, पिता देवराव खौशी (54), निवासी महलपुर, थाना मोहखेड़ को गिरफ्तार किया। घनश्याम के मेमोरेंडम के आधार पर बिजली का वायर जब्त किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित बिजली के तार और एक बांस भी जब्त किया है।

पुलिस टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) सुनील कुमार बरकड़े के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी मोहखेड़ निरीक्षक सुनील उइके के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक हल्के सिंह बरकड़े, प्रधान आरक्षक बिसराम इनवाती, प्रधान आरक्षक धनश्याम बंदेवार तथा आरक्षक संतोष नर्वेती और गंगाराम कीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित, यात्रियों ने रखे सुझाव

छिंदवाड़ा। रेल उपयोगकर्ताओं और रेल प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से रेलवे मंत्रालय के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आमजन ने रेलवे से जुड़ी सुविधाओं, व्यवस्थाओं और यात्रियों की समस्याओं को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल एवं पूर्व जोनल सदस्य सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य रेल यात्रियों और रेलवे प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर सुविधाओं में सुधार करना है। इस पहल के माध्यम से यात्रियों की आवश्यकताओं और सुझावों को रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर के सर्कुलेटिंग एरिया में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इसके माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने और यात्रियों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र ठाकुर, रेलवे सीएलओ मनोज कुमार सिंह, सीएमएस डॉ. एनके मंगला, एसीएम रामटेके, डीआरयूसीसी सदस्य अंकुर शुक्ला, स्टेशन मैनेजर हेमराज मीणा, एसएसई आमिर खान और अर्जुन पवार सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनसंवाद कार्यक्रम को रेल यात्रियों की समस्याओं और सुझावों को सामने लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

निगमायुक्त की कड़ी कार्रवाई जारी, खजरी की कॉलोनी हुई अवैध घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा सीमांतर्गत बिना सक्षम स्वीकृति और रेरा (RERA) पंजीकरण के अवैध रूप से प्लॉट काटकर बेचने वाले भू-माफियाओं एवं कॉलोनाइजरों के खिलाफ निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के आदेशानुसार म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के तहत मौजा खजरी में बिना अनुमति विकसित की गई कॉलोनी को आधिकारिक रूप से 'अनाधिकृत/अवैध कॉलोनी' घोषित कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भूमि स्वामी जीतेन्द्र मालवी (पिता हरिनारायण मालवी, निवासी शिवनगर कॉलोनी छिंदवाड़ा) द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र के मौजा खजरी स्थित खसरा नंबर



337/1/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1 (रकबा 0.405 हेक्टेयर) भूमि पर बिना भूमि व्यपवर्तन (डायवर्जन), बिना कॉलोनी विकास की अनुमति एवं बिना रेरा में रजिस्ट्रेशन कराए अपने स्वामित्व की जमीन को छोटे-छोटे भूखंडों में विभक्त कर अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण कर प्लॉटों का विक्रय किया गया। संबंधित हलका पटवारी द्वारा प्रस्तुत मौका जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट हुआ कि उक्त भूमि पर कुल 24 छोटे-छोटे भूखंड काटकर अवैध रूप से बेचे गए हैं, जो म.प्र. कॉलोनी विकास नियम 2021 का स्पष्ट एवं गंभीर उल्लंघन है।

अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में नगर निगम द्वारा अनाधिकृत कॉलोनाइजर जीतेन्द्र मालवी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। संबंधित द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक न होने के कारण उसे अमान्य करते हुए पुनः अंतिम नोटिस जारी किया गया, जिसका आज दिनांक तक कॉलोनाइजर द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 2021 के भाग-3 की कंडिका 22 (2)(3) में अनाधिकृत कॉलोनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा कंडिका 22 (4) के अंतर्गत संबंधित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत प्रावधानों के तहत दांडिक कार्यवाही हेतु संबंधित पुलिस थाने में प्राथमिकी (FIR) दर्ज कराए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। इसी आधार पर उक्त कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित करते हुए कॉलोनाइजर के खिलाफ पुलिस एफआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय ने शहर के नागरिकों से पुनः अपील की है कि वे अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई लगाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित कॉलोनी नगर निगम एवं रेरा से स्वीकृत है या नहीं।

बिना टीएंडसीपी (T&CP) नक्शा पास, बिना डायवर्जन एवं बिना रेरा पंजीयन वाली अवैध कॉलोनियों में भूखंड क्रय न करें। नगर निगम द्वारा अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ यह दंडात्मक एवं कानूनी अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

सांसद साहू ने वाल्मिकी समाज को दी सामाजिक भवन की सौगात



छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के वार्ड नंबर 23 में स्थित वाल्मिकी समाज के मंदिर के पास सांसद निधि से बने सामाजिक भवन का सांसद बंटी विवेक साहू ने गुरूवार की देर शाम को लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वाल्मिकी समाज का मेरा और मेरे परिवार से वर्षों से पारिवारिक संबंध रहा है। मेरे द्वारा हमेशा ही वाल्मिकी समाज का सहयोग किया गया है और आगे भी हमेशा ही पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब यहा पर भवन बन जाने से वाल्मिकी समाज के लोगों को यहा पर बैठक सहित अन्य कार्यक्रम करने में सुविधा हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने वाल्मिकी समाज के मंदिर में माथा टेकते हुए पूजा अर्चना भी की। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा के वार्ड नं. 23 में वाल्मिकी समाज के अध्यक्ष व पार्षद जगदीष गोदरे व वाल्मिकी समाज के सामाजिक बंधुओं की मांग एवं महापौर विक्रम अहके और मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला की अनुषंसा पर वाल्मिकी समाज भवन निर्माण के लिए अपनी सांसद निधि से 5 लाख की राषि स्वीकृत की थी। इस राशि से यहा पर एक कक्ष बनकर तैयार हुआ है जिसका कि सांसद बंटी विवेक साहू ने गुरूवार की देर शाम को लोकार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को अन्य प्रमुख सामाजिक बंधुओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता जगेन्द्र अल्डक, टीकाराम चंद्रवंशी, पप्पू साहू, पप्पू मालवीय, राजू नरोटे, वाल्मिकी समाज के अध्यक्ष व पार्षद जगदीश गोदरे, वाल्मिकी समाज के प्रमुख जनों में पूरण पवार, धनराज पवार, नीरज गोदरे, नीरज डागुर, शदर गोदरे, विशाल चौहान, महेन्द्र पवार, आशीष सारवान, अमित सारवान, अंकित चौहान, अविनाश चौहान, रफ्तार मेहरोलिया, मीत पवार, नवीन पवार, महेश कटारे, नवीन चंदेल, पूरूषोत्तम ठाकुर, दिलीप वाल्मिकी, विरेन्द्र कटारिया सहित बड़ी संख्या में वाल्मिकी समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

शहर के विभिन्न स्थानों पर खुदेंगे 50 नए बोर, टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में

छिंदवाड़ा। इस वर्ष अल्प वर्षा के कारण शहर के जल स्रोतों और डैमों में जलस्तर काफी कम हो गया है, जिससे नागरिकों को एक दिन के अंतराल से जलापूर्ति का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर जल संकट से राहत दिलाने और नागरिकों को सुगम पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।



इसी क्रम में आज महापौर विक्रम अहके ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शहर के विभिन्न वार्डों और जरूरतमंद स्थानों पर 50 नए बोरवेल (ट्यूबवेल) कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जल संकट से निपटने के लिए उठाए गए इस कदम के तहत निगम प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इस कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं और टेंडर की निर्धारित समय-सीमा पूर्ण होते ही शहर के चिन्हित 50 स्थानों पर बोरिंग का कार्य तीव्र गति से शुरू कर दिया जाएगा, जिससे गर्मियों और मौजूदा जल संकट के दिनों में पेयजल की किल्लत को दूर किया जा सके। नगर निगम प्रशासन शहर की जनता के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बीच, नगर निगम ने एक बार फिर सभी नागरिकों से अपील की है कि जल ही जीवन है और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पानी का अत्यंत संयमित उपयोग करें तथा जल संग्रहण (वाटर हार्वेस्टिंग) व संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें।

बेरडी में सरकारी जमीन पर चल रही दुकान को लगाया ताला

सौंसर। ग्राम बेरडी में सरकारी जमीन (खसरा नंबर 230 - छोटे झाड़ का जंगल) पर नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रही शराब दुकान को आखिरकार गुरुवार को प्रशासन ने ताला लगा दिया, सीएम हेल्पलाइन एवं प्रशासन को गई शिकायत में शिकायत करता अंकित गुर्वे के अनुसार, इस जमीन पर कोई भी निर्माण कार्य अवैध था, बावजूद इसके वहाँ शराब दुकान चल रही थी।धार्मिक स्थल और अखंड हरिनाम सप्ताह के प्रथम दिवस पर शुरू हुए इस विवाद ने तब तूल पकड़ा जब महिलाओं और छात्राओं ने विधायक विजय चौरे से शिकायत की कि शराबी वहाँ से गुजरने वाली माताओं-बहनों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। इस पर विधायक विजय चौरे, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आक्रोशित ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाते हुए लगातार 5 घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया।इस दौरान तहसीलदार अर्जुन बेलवंशी, आबकारी टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचे और विधिवत कार्रवाई करते हुए शराब दुकान पर ताला जड़ दिया।शराब दुकान बंद होने पर विधायक विजय चौरे ने इसे गांव की माताओं-बहनों और जनता की बड़ी जीत बताया। उन्होंने तहसीलदार, पटवारी, राजस्व निरीक्षक व आबकारी अधिकारियों का धन्यवाद किया। इस दौरान सरपंच संगीता गावंडे, विठ्ठल गायकवाड, अरुण गावंडे, ज्ञानेश्वर गावंडे, रत्नाकर गायकवाड, अंकित गुर्वे, सुभाष ठाकरे, बंडू विरखरे, मनोज शिंदे, अनुभव रूंघे आदि थे।



नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और बढ़ते हादसों पर पुलिस सख्त, चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

सौंसर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में नाबालिगों द्वारा फर्राटे से वाहन दौड़ाने, बाइक पर तीन-तीन सवारियां बैठने, हेलमेट न पहनने तथा नागपुर-छिंदवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह सजग हो गया है।

हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने शहर के विभिन्न मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। हाल ही में मध्य प्रदेश मीडिया संघ के प्रदेश सचिव रमेश पातुरकर, जिलाध्यक्ष मुकेश बागडे, तहसील अध्यक्ष गिरधर चांडक सहित अन्य पत्रकार साथियों ने एक बैठक में नगर क्षेत्र के चौराहों पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन को



ज्ञापन और अवगत कराया था। इस पर सौसर डीएसपी श्रीमती प्रियंका पांडे ने सभी पत्रकारों को आश्वस्त किया था कि जल्द ही पूरे क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच की जाएगी। इसी के तहत गुरुवार को सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके और एएसआई प्रहलाद बैरागी के मार्गदर्शन में नागपुर, छिंदवाड़ा, पांढुरना और मोहगांव मार्गों पर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की ताबड़तोड़ चेकिंग की गई।बढ़ाई गई निगरानी और सख्त कार्रवाईपुलिस प्रशासन द्वारा मुख्य चौराहों, राष्ट्रीय राजमार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, तेज रफ्तार, नाबालिग चालकों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ चालानी व वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने सड़क सुरक्षा की दिशा में उठाए गए इस कदम का स्वागत किया है।

कम वर्षा को देखते हुए चना, मसूर, सरसों एवं अलसी की बुवाई करें किसानः उप संचालक

जिले में बीज एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले में रबी सीजन के लिए बीज एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने के कारण सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सीमित रहने की संभावना को देखते हुए उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने किसानों से खेतों में उपलब्ध नमी एवं जल संसाधनों के अनुसार फसलों का चयन करने की अपील की है। किसानों को चना, मसूर, सरसों एवं अलसी जैसी फसलों की बुवाई को प्राथमिकता देने की सलाह दी

रबी फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध



कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को आयोजित बैठक में रबी सीजन के लिए बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने बताया कि जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र में गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों सहित विभिन्न फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने किसानों को जल संसाधनों के अनुरूप फसलों का चयन करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

जिले में 73 हजार मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध

उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में यूरिया 27,968 मीट्रिक टन, डीएपी 8,447 मीट्रिक टन, एनपीके 15,921 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 18,216 मीट्रिक टन एवं एमओपी 2,412 मीट्रिक टन उपलब्ध है। शासन स्तर से भी जिले को लगातार उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता एवं खेतों में मौजूद नमी को ध्यान में रखते हुए चना, मसूर, सरसों एवं अलसी की बुवाई करें। फसलों का चयन करते समय उपलब्ध जल संसाधनों का आकलन अवश्य करें, ताकि सीमित पानी में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

विनोद यदुवंशी को सौंपा अमरवाड़ा विधानसभा का प्रभार

छिन्दवाड़ाः- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार अमरवाड़ा विधानसभा में नवनियुक्ति प्रभारी मनोनीत किए गए हैं। नवनियुक्त पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से अमरवाड़ा विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपते हुए कांग्रेस की रीति-नीति अनुसार कार्य करने की अपेक्षा की है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व जिला कांग्रेस संगठन महासचिव गुरूचरण खरे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार श्री विनोद यदुवंशी को अमरवाड़ा विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ एवं नकुलनाथ का हृदय से आभार माना है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ पक्के घर का सपना, कलावती बघेल ने किया नए घर में गृह प्रवेश



परासिया :- प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 की हितग्राही कलावती बघेल के नवनिर्मित आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्ड पार्षद आशीष जायसवाल जी ने फीता काटकर गृह प्रवेश कराया।अपने नए पक्के घर में प्रवेश करते समय कलावती बघेल के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। लंबे समय से अपने घर का सपना संजोए परिवार के लिए यह अवसर बेहद खास रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के मकान का सपना साकार होने पर परिवार में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल रहा।कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका सीएमओ योगेश भट्टी एवं वार्ड पार्षद आशीष जायसवाल आकाश माहौरे प्रतीक डहरिया छोटे खान की रघुवीर बघेल सूजित सल्लम राज वंदेवार और बड़ी संख्या में वार्ड वासी की उपस्थिति में गृह प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।कलावती बघेल के लिए यह गृह प्रवेश केवल नए घर में प्रवेश नहीं , बल्कि एक नई शुरुआत और खुशहाल भविष्य की ओर बढ़ता कदम है ।

बगैर जांच के कांग्रेस के दबाव में दुर्गा समिति के पदाधिकारियों पर बना दिया प्रकरण

निष्पक्ष जांच की पुलिस अधीक्षक से रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

श्री श्री सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर समिति न्यूटन नंबर 4 के पदाधिकारियों ने उनके खिलाफ बगैर जांच किए कांग्रेस के दबाव में प्रकरण बनाने का आरोप लगाया है । समिति पदाधिकारियों ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग रखी है ।

गौरतलब है , कि बीती 17 अक्टूबर को मंदिर प्रांगण में जस गायन के दौरान डी जे बंद करने पर जस में शामिल महिलाओं और समिति के लोगों के बीच विवाद हो गया था । अगले दिन 18 अक्टूबर को महिलाओं के द्वारा पुलिस में शिकायत की गई । जिसके बाद पुलिस ने पार्षद जयंत राय सहित समिति के अध्यक्ष गोल्डी कश्यप , कोषाध्यक्ष द्वारका सनोड़िया , डी जे संचालक बॉबी बाथरी , सदस्य यश बाथरी और दिव्यांश चोरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया था । 22 अक्टूबर गुरुवार को समिति पदाधिकारियों ने मंदिर प्रांगण में प्रेस वार्ता आयोजित की और बताया , कि 17 अक्टूबर की रात करीब 12: 30 बजे डी जे संचालक बाबी बाथरी ने समय अधिक होने के चलते डी जे बंद कर दिया । जिसके बाद महिलाएं डी जे वाले से विवाद करने लगी । जिसके बाद उन्हें समझाया गया , लेकिन महिलाएं और उग्र हो गई । यह सब एक पुलिस कर्मी के सामने हुआ । मंदिर में लगे कैमरे की जांच कर सच्चाई देखी जा सकती है ।

भाजपा से पार्षद और समिति के सचिव जयंत राय ने बताया , कि पुलिस ने एक तरफा जानकारी के आधार पर कांग्रेस के दबाव में कार्रवाई की है । उन्होंने कहा , कि शिकायतकर्ताओं के न्यूटन कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राजेश डेहरिया सजातीय सम्बन्ध हैं , जिसके चलते राजनैतिक द्वेष के चलते उनकी छबि को खराब करने के लिए दबाव बनाकर मामला बनवाया गया है । जबकि उनके और समिति के लोगों के पास उनके निर्दोष होने के पर्याप्त साक्ष्य हैं ।



पुलिस चौकी में देंगे धरना

प्रेसवार्ता में पार्षद जयंत राय ने कहा , कि वें और समिति के लोग पुलिस अधीक्षक के पास गए थे । मामले की सारी सच्चाई उनके सामने रखी गई । मामले में निष्पक्ष जांच की मांग रखी गई । समिति पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज किए गए प्रकरण को निरस्त कर झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ मामला बनाए जाने की मांग रखी गई । उन्होंने यह भी कहा , कि तीन दिन में न्याय नहीं मिला तो चौकी के सामने धरना दिया जाएगा ।

छिंदा में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



परासिया। नवरात्रि के अवसर पर छिंदा 72 क्वार्टर के विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया आयोजन महिला मंडल दुर्गा उत्सव समिति छिंदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष जमील खान विशेष अतिथि रामनिवास कुशवाह पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरेंद्र राव प्रबंधक अनीश खान जनपद सदस्य संगीता राकेश डेहरिया कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित प्रतीति दीपक सूर्यवंशी पारस साहू एवं समस्त दुर्गा उत्सव महिला मंडल का विषय सहयोग रहा।

हिंदू एकता परिषद ने किया विशाल भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा। हिंदू एकता परिषद, चंदनगांव बस स्टैंड, छिंदवाड़ा द्वारा बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 को दुर्गा माता रानी का विधिवत पूजन-अर्चन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भंडारा दोपहर से लेकर मध्य रात्रि तक अनवरत चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में राजा यादव, गोल्डी डेहरिया, अभिषेक पगारे, राम सोलंकी, संदीप राउत एवं चंदू ठाकरे सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने मिलकर सेवा, समर्पण और धार्मिक आस्था के साथ आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर प्रभु प्रणाम ग्रुप के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजन में सहभागिता प्रदान की। ग्रुप की ओर से नगर पालिक निगम से नरेश फरकसे, प्रभु कृपाशंकर यादव, सेवक राम यादव, स्वामी अचल, शंकर मसकोले, रामटेके, सुनील चांद सहित अनेक प्रभु प्रेमी उपस्थित रहे। इस विशाल भंडारे ने धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत किया। आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

सुकरी बस्ती में हादसे ने छीनी 6 वर्षीय केतन की जिंदगी

संबल योजना के तहत 5,000 और अध्यक्ष की ओर से 5,000 की आर्थिक सहायता की प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित सुकरी बस्ती में 21 अक्टूबर 2026 को हुई आकस्मिक दुर्घटना में 6 वर्षीय केतन यदुवंशी की दुखद मृत्यु से क्षेत्र में शोक का माहौल है। कमलेश पिता परसों यदुवंशी के पुत्र केतन के असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के अध्यक्ष रमेश सालोडे, उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन, भाजपा नगर मंडल मंत्री व पार्षद प्रमोद बंदेवार, राजेंद्र सूर्यवंशी, अमित यादव सहित देवेंद्र टांडेकर, हिमांशु पंचेश्वर, ऋतिक चौरसिया, जॉनी पाल व नगर पालिका कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि दिवंगत बालक के परिवार से मिलने पहुंचे। सभी ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया।

इस दुखद घड़ी में परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से संबल योजना के तहत 5,000 की राशि तथा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे द्वारा 5,000 की अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस प्रकार दिवंगत परिवार को कुल 10,000 की आर्थिक सहायता दी गई।जनप्रतिनिधियों ने परिवार को भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं। मासूम केतन के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। इस घटना ने सभी को भावुक कर दिया है और हर कोई पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहा है।



संगम एग्जिबिशन का हुआ शुभारंभ

छिंदवाड़ा। सिंधु महिला समिति द्वारा सिंधु भवन, मोहन नगर में संगम एग्जिबिशन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महिला समिति अध्यक्ष मानसी परसवानी ने बताया कि श्री पूज्य सिंधी पंचायत के निर्देशन में आयोजित इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं के व्यवसाय को प्रोत्साहित करना है, जो घर से ही छोटी-छोटी दुकान चलाती हैं या उत्पादों का निर्माण करती हैं और उनके द्वारा तैयार उत्पादों को एक मंच प्रदान करना है।महिला समिति ने इस आयोजन में सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए पंचायत के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण हरजानी एवं पूरी टीम का आभार प्रकट किया।

आंख फोडवा कार्बाइन गन एवं कार्बाइड बम प्रतिबंधित, प्रशासन ने लिया सख्त फैसला

पांडुर्णा। दिवाली के पावन पर्व पर बच्चों की आंखों की रोशनी छीनने वाले खतरनाक खिलौना जैसी पीवीसी पाइप से बनी खतरनाक बंदूकों और पटाखा बमों पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। गत वर्ष भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और विदिशा सहित कई बड़े शहरों में सैकड़ों बच्चों की आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली पीवीसी पाइप निर्मित कार्बाइन गन और कार्बाइड बम के उपयोग पर पांडुर्णा जिले में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। एसडीओ पुलिस बृजेश भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू स्तर पर पीवीसी पाइप के दो टुकड़ों को जोड़कर इस जुगाड़ गन को तैयार किया जाता है। इसके भीतर पोटाश या कैल्शियम कार्बाइड के टुकड़े डाले जाते हैं, जिसमें पानी की बूंदें मिलाकर आग लगाई जाती है। बड़े शहरों में इस दौरान कई गन फटने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे कई बच्चों की आंखें हमेशा के लिए रोशनहीन हो गई हैं। प्रशासन के अनुसार, इस गन से निकलने वाले जहरीले धुएं और केमिकल का सीधा असर आंखों के कॉर्निया पर पड़ता है, जिससे दृष्टि धुंधली हो जाती है। जनता की सुरक्षा और बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले में इसके निर्माण, विक्रय, भंडारण और उपयोग पर रोक लगा दी गई है।



तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को लिया अपने चपेट में

नागपुर इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी नगर के जय स्तंभ चौक की घटना वारासिवनी। नगर के जय स्तंभ चौक के समीप गुरुवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पैदल चल रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को अपने चपेट में लिया। इससे बुजुर्ग के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके बाद घायल बुजुर्ग को वहां मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से 108 वाहन की सहायता से वारासिवनी सिविल हॉस्पिटल में लाकर भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे नागपुर रिफर किया गया। मगर महाराष्ट्र तुमसर के पास रास्ते में ही घायल बुजुर्ग ने अंतिम सांस ले ली। वारासिवनी पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार वारासिवनी वॉर्ड 11 हैदराबाद मोहल्ला निवासी गोपाल बुरड़े सुबह करीब 8 बजे पैदल बस स्टैंड की ओर जा रहा था। तभी बस स्टैंड की ओर से लालबर्रा रोड की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल घटना के बाद मौके पर ही पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया और ट्रक को थाने में लाकर खड़ा कर दिया है और ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है।

आतिशबाजी की चिंगारी से हुआ अहंकारी रावण के पुतलों का हुआ दहन

वारासिवनी में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।'

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी का पर्व वारासिवनी नगर में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दशहरा आयोजन समिति अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल व अनेंक श्रद्धालुओं ने बड़ा श्रीराम मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान की प्रतिमाओं व उनका रुप धरे बालकों की पूजा अर्चना कर भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए।

यह शोभा यात्रा बड़ा श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, राधाकिशन ग्रंथालय, गोलीबारी चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक और बस स्टैंड होते हुए रानी अवंतीबाई स्टेडियम दशहरा मैदान पहुंची। पूरे मार्ग में भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दशहरा मैदान में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान के पहुॅचने के पहले की भव्य आतिशबाजी का दौर प्रारंभ हो गया था। जब भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान मंच पर पहुॅचे और उनकी पूजा अर्चना प्रारंभ की गई, इसी बीच आतिशबाजी से निकली चिंगारी ने 58 फीट ऊॅचे अहंकारी रावण को जलाना प्रारंभ कर दिया। बिना भगवान श्रीराम के बाण चलाए रावण को जलता देख मंच व आयोजकों में अफरा तफरी मच गई और फिर तत्काल ही भगवान श्रीराम से भी अग्नि बाण चलवाया गया और रावण का दहन किया गया। दशहरा पर्व के अवसर पर निकाले गए चल समारोह में भगवान हनुमान, भगवान शिव एवं माता रानी की आकर्षक चलित झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों में शामिल कलाकारों ने नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। झांकियों को देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ी और पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा। इस शोभा यात्रा के दौरान भगवान हनुमान का चोला धारण किए महाराज दीपम नागरिकों के विशेष आकर्षण का केन्द्र बने रहे।

दशहरा चल समारोह जब भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल के निवास स्थान के सामने पहुॅचा, तो विधायक विवेक पटेल ने डॉ. निर्मल का गमछा पहना कर सम्मान किया और उन्हें चल समारोह में शामिल कर आगे की ओर रवाना हुए।

दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा इस वर्ष लोगों का उत्साह बनाए रखने के लिए राजस्थान कटक से विशेष कर आतिशबाजी बुलाई गई थी। जो लगभग दो घंटों तक आसमान को रंग बिरंगी रोशनी से सजाती रही। इस आतिशबाजी को छोडऩे के लिए भी राजस्थान से कलाकारों को बुलाया गया था। जिन्होने एक से बढक़र एक आतिशबाजी कर दशहरा पर्व देखने पहुंचे लोगों का मन मोह लिया।



लोकप्रिय कलाकार धन्नू पेंटर का निधन, सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। नगर की पुरानी सांस्कृतिक संस्था पूजांजलि कला मंदिर के लोकप्रिय कलाकार, कुशल चित्रकार, कॉमेडियन और नृत्य कला में निपुण धन्नू एडमे (धन्नू पेंटर) का स्वास्थ्य खराब होने के चलते 58 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर सहित पूरे क्षेत्र के सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके असमय चले जाने से कला और संस्कृति के क्षेत्र में एक हंसमुख एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार का अभाव महसूस किया जा रहा है।हंसी-मजाक से शुरू होती थी बातचीत, हर चेहरे पर लाते थे मुस्कानधन्नू पेंटर केवल एक कलाकार ही नहीं, बल्कि अपने अनूठे हास्यबोध और वाक्पटुता के लिए भी जन-जन में लोकप्रिय थे। वे जिस किसी से भी मिलते, उसे हंसाए बिना नहीं रहते थे। उनकी बातचीत की शुरुआत ही अक्सर हंसी-मजाक से होती थी। अपनी सहज शैली, मजाकिया अंदाज और मिलनसार स्वभाव के कारण उन्होंने लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया था। चित्रकारी, कॉमेडी और नृत्य में उनकी कुशलता ने उन्हें क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई थी।माँ सरस्वती महोत्सव समिति के संस्थापक सदस्यों में थे शामिलधन्नू पेंटर का माँ सरस्वती महोत्सव समिति, लालबर्रा से भी पुराना और आत्मीय जुड़ाव रहा। महोत्सव के शुरुआती दौर में वे एक कलाकार के रूप में समिति से जुड़े और विभिन्न झांकियों के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। अपनी कला और रचनात्मक योगदान के माध्यम से उन्होंने महोत्सव की शुरुआती सांस्कृतिक यात्रा को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई। वे समिति के संस्थापक सदस्यों में गिने जाते थे। उनके निधन से समिति ने अपने शुरुआती दौर के एक साथी और कला-साधक को खो दिया है।

नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई, ढोल-नगाड़ों के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा

लांजी में नौ दिनों की भक्ति के बाद गणेशी तालाब में हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, बेटी की विदाई जैसा भावुक हुआ माहौल; विधायक राजकुमार कर्हाडे विसर्जन स्थल पर रहे मौजूद, पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज लांजी। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और उत्साह में डूबे लांजी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दशहरे के दूसरे दिन दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का समापन हुआ। नगर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की विदाई की गई। इस दौरान एक ओर ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, तो दूसरी ओर मां को विदाई देते समय अनेक भक्तों की आंखें नम हो गईं। पूरा वातावरण भक्तिमय होने के साथ भावुक भी हो गया। ऐसा लग रहा था, मानो परिवार अपनी बेटी को विदाई दे रहा हो।नवरात्र के नौ दिनों तक लांजी नगर सहित आसपास के गांवों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल सजाए गए तथा विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।नौ दिनों तक चले धार्मिक आयोजनों के बाद विसर्जन का दिन आया, तो दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। प्रतिमाओं को पंडालों से निकालकर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी और आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए।मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। जय माता दी के जयकारों से नगर का वातावरण गूंज उठा। दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में सहभागिता निभाई और नगर भ्रमण के बाद प्रतिमाओं को लांजी नगर परिषद के समीप स्थित गणेशी तालाब विसर्जन स्थल तक पहुंचाया गया।शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह के साथ मां के प्रति गहरी आस्था दिखाई दी। जैसे-जैसे प्रतिमाएं विसर्जन स्थल की ओर बढ़ीं, वैसे-वैसे विदाई का भावुक क्षण भी नजदीक आता गया। माता रानी को अंतिम विदाई देते समय कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भक्तों ने अगले वर्ष मां के पुनः आगमन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्हाडे भी विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्रवासियों को नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नौ दिनों तक पूरा क्षेत्र माता रानी की भक्ति में लीन रहा। नगर और गांवों में श्रद्धालुओं ने धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना की तथा उत्साह और सौहार्द के साथ पर्व मनाया।विधायक ने मां दुर्गा से पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि माता रानी की कृपा से क्षेत्र की जनता सुखी और समृद्ध रहे। सभी परिवारों के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली बनी रहे। उन्होंने पर्व के दौरान धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभाने वाले श्रद्धालुओं और दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों को भी शुभकामनाएं दीं।

ग्राम सोनपुरी नारंगी में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व, आकर्षक झांकियों के साथ हुआ रावण दहन

हरिभूमि न्यूज उकवा।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी नारंगी द्वारा लगातार चौथे वर्ष नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। प्रतिदिन संगीतमय आरती एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

विजयादशमी के अवसर पर ग्राम में भव्य रैली निकाली गई, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी सहित नवदुर्गा तथा अन्य आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इसके साथ ही छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। रैली के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए शरबत, बिस्किट एवं चॉकलेट की व्यवस्था की गई।

रैली दुर्गा मैदान पहुंचने के बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात आकर्षक आतिशबाजी के बीच भगवान श्रीराम की वेशभूषा धारण किए बालक द्वारा विशाल रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

झांकी प्रतियोगिता में झांकी को प्रथम स्थान , रू 1,100 द्वितीय स्थान रू 700 वही तृतीय स्थान मे रू 500 का पुरस्कार दिया गया सभी प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया, जिसमें कूपन क्रमांक *1119* पर अलमारी, कूपन क्रमांक *195* पर रेंजर साइकिल तथा कूपन क्रमांक *904* पर कूलर का पुरस्कार निकला। विजेताओं को पुरस्कार मिलने पर उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

रात्रि में " छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम" का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। अगले दिन डीजे एवं गाजे-बाजे के साथ माता की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाला गया तथा ग्राम के तालाब में विधिवत विसर्जन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी श्री कमलेश धूमकेतु उपस्थित रहे। साथ ही पत्रकार श्री अशोक राऊत, सरपंच श्री सुनील उइके, श्री ओमकार राहंगडाले, श्री किसान लाल गजभिये सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा। पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। समिति ने सुरक्षा व्यवस्था एवं सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप

सडक दुर्घटना में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी जिला अंतर्गत पुलिस थाना उगली में एक सडक दुर्घटना होने से उगली झंडा चौक निवासी नीलू बिसेन उम्र 43 लगभग पिता स्व. डुलीचंद बिसेन का एक अज्ञात वाहन मोटरसाइकिल के द्वारा ऐक्सीडेंट हो गया था. दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल होने के बाद केवलारी से सिवनी रेफर किया गया लेकीन रास्ते में ही मौत हो गई. मृतक के साथ एक और व्यक्ति था जो सुरक्षित है, प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक के सिर रें चोट गंभीर थी, और अनलिमिटेड ब्लडिंग के कारण गंभीर अवस्था में असामयिक काल के गाल में समा गया. मृतक के छोट छोटे बच्चे हैं, और इनके निधन से उगली व सभी मित्र रिश्तेदार सभी को गहरा दुःख पहुंचा है. सडक दुर्घटना के कारण मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने के बाद देर शाम अंतिम संस्कार किया गया.

सनब्रिज बायोएनर्जी ने सिवनी स्थित अपने प्लांट में इथेनॉल उत्पादन शुरू किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सनब्रिज ग्रुप की बायोएनर्जी शाखा, सनब्रिज बायोएनर्जी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के सिवनी में अपने अनाज आधारित, फ्यूल-ग्रेड इथेनॉल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में कमर्शियल उत्पादन शुरू कर दिया है। इसके साथ कंपनी ने भारत के बायोफ्यूल सेक्टर में सक्रिय रूप से कदम रखा है। यह उसके बायोएनर्जी के सफर का एक अहम पड़ाव भी है। सिवनी प्लांट की उत्पादन क्षमता 300 किलोलीटर प्रति दिन (केएलडी) है और इसकी भंडारण क्षमता 11,000 किलोलीटर है। यह प्लांट लगभग 1,17,560 वर्ग मीटर में फैला है। कंपनी अपने इथेनॉल पोर्टफोलियो को और मजबूत कर रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में जल्द शुरू होने वाले 400 केएलडी के प्लांट के साथ उसकी कुल क्षमता 700 केएलडी तक पहुंच जाएगी। सनब्रिज बायोएनर्जी का सिवनी प्लांट इथेनॉल उत्पादन में संसाधनों से ज्यादा से ज्यादा फायदा लेने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स विद सॉल्युबल्स और डिस्टिलर्स कॉर्न ऑयल जैसे सह-उत्पाद भी बनते हैं, जिनका इस्तेमाल मुख्य रूप से पोल्ट्री और मवेशियों के आहार में होता है। प्राकृतिक संसाधनों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्लांट में पानी की रिकवरी और दोबारा इस्तेमाल की व्यवस्था भी है, और यहां का संचालन जीरो लिक्विड डिस्चार्ज पर आधारित है।

सचिव बने दिनेश कांगड़े



हरिभूमि न्यूज सिवनी। मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा दिनेश कांगड़े को प्रशासनिक संरक्षण मण्डल जबलपुर संभाग का सचिव बनाया गया है।

पुलिस शहीद दिवस पर वीर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर बुधवार को सिवनी में अमर जवान ज्योति पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर पुलिस जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा सितंबर 2025 से अगस्त 2026 की अवधि में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन किया गया। नामों के वाचन के दौरान उपस्थितजनों ने शहीदों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया।

डॉ. ढाल सिंह बिसेन के राज्यपाल बनने से सिवनी का गौरव बढ़ा

जिला भाजपा ने कहा- उत्तराखंड में जनसेवा और सुशासन का नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे डॉ. बिसेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता डॉ. ढाल सिंह बिसेन द्वारा उत्तराखंड के राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण करने पर भारतीय जनता पार्टी, जिला सिवनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने डॉ. बिसेन के राज्यपाल बनने को सिवनी जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके सफल, सार्थक एवं उल्लेखनीय कार्यकाल की कामना की है।
श्रीमती मीना बिसेन ने कहा कि डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने अपने लंबे राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन में उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। जनसेवा के प्रति समर्पण, संगठनात्मक अनुभव और विकास के प्रति प्रतिबद्धता उनके राजनीतिक जीवन की महत्वपूर्ण विशेषताएं रही हैं। जिले से लेकर प्रदेश तक उनके योगदान ने सार्वजनिक जीवन में विशिष्ट पहचान बनाई है।
उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉ. बिसेन को राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद की जिम्मेदारी सौंपा जाना सिवनी जिले के लिए सम्मान और गौरव का विषय है। यह नियुक्ति उनके अनुभव, सार्वजनिक जीवन में योगदान और नेतृत्व क्षमता के प्रति विश्वास को भी दर्शाती है।
'उत्तराखंड में जनसेवा और विकास का नया इतिहास रचेंगे डॉ. बिसेन'
जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने अपने राजनीतिक जीवन में जिस निष्ठा, समर्पण और कार्यकुशलता के साथ विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है, उसी प्रतिबद्धता के साथ वे राज्यपाल के संवैधानिक दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।
उन्होंने कहा कि डॉ. बिसेन उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं और विकास की संभावनाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड में सुख, समृद्धि, शांति और जनकल्याण की भावना को और मजबूती मिलेगी। उनका कार्यकाल जनसेवा के नए प्रतिमान स्थापित करेगा और सिवनी जिले को गौरवान्वित करेगा।

शपथ ग्रहण के साथ संभाली संवैधानिक जिम्मेदारी

उल्लेखनीय है कि डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को देहरादून स्थित लोक भवन में उत्तराखंड के राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण की। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 12 अक्टूबर 2026 को उन्हें उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया था।
शपथ ग्रहण के साथ ही डॉ. बिसेन ने राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक दायित्वों की जिम्मेदारी संभाल ली। उनके इस नए दायित्व को मध्यप्रदेश, विशेषकर सिवनी जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।
डॉ. ढाल सिंह बिसेन के शपथ ग्रहण समारोह में सिवनी भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और शुभचिंतकों की उपस्थिति रही। जिला भाजपा ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. बिसेन अपनी नई संवैधानिक भूमिका में राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए उत्तराखंड के विकास एवं जनविश्वास को सशक्त बनाने में योगदान देंगे।
जिला भाजपा परिवार ने उन्हें पुनः हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

प्रतिबंधित कार्बाइन गन और कार्बाइड लैंप के क्रय, भंडारण, उपयोग व परिवहन पर रोक

उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्यवाही,

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले में जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सिवनी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि प्रतिबंधित कार्बाइन गन एवं कार्बाइड लैंप / कार्बाइड गन के क्रय, भंडारण, उपयोग एवं परिवहन से दूर रहें। सिवनी पुलिस के अनुसार ये उपकरण अत्यंत खतरनाक हैं तथा इनके उपयोग से गंभीर चोट, आगजनी एवं जनहानि की आशंका बनी रहती है। आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इन उपकरणों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस ने नागरिकों, व्यापारियों एवं अभिभावकों को समझाइश देते हुए स्पष्ट किया है कि - 1. प्रतिबंधित कार्बाइन गन एवं कार्बाइड लैंप को खरीद-बिक्री, भंडारण, उपयोग अथवा परिवहन न करें। 2. किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल होने से बचें। 3. उपयोग या परिवहन से पूर्व उससे संबंधित लागू नियमों की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें ताकि अनजाने में भी कानून का उल्लंघन न हो। नियमों का उल्लंघन करना दंडनीय अपराध है तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। सिवनी पुलिस ने जिलेवासियों से जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए कानून का सम्मान करने एवं जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।
सिवनी पुलिस -
आपकी सेवा में सदैव तत्पर।
आपातकालीन सहायता हेतु डायल करें - 112 एवं पुलिस कंट्रोल रूम 7587622616

तीन दशक बाद केवलारी में निकला दशहरा चल समारोह

नगर की 11 दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ सामूहिक विसर्जन, प्रशासन की पहल की सराहना



केवलारी। नगर में लगभग तीन दशक बाद दशहरा चल समारोह का दृश्य देखने को मिला। इस वर्ष नगर की सभी 11 दुर्गा प्रतिमाओं का सामूहिक रूप से विसर्जन किया गया। भव्य शोभायात्रा के साथ निकले चल समारोह ने नगर में उत्साह और भक्ति का माहौल बना दिया। केवलारी नगर में प्रतिवर्ष लगभग एक दर्जन सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। अब तक समितियों द्वारा अपनी सुविधानुसार कुंवार मास की एकादशी को अलग-अलग प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता था। लेकिन इस वर्ष स्थानीय प्रशासन की पहल पर नगर की सभी दुर्गा प्रतिमाओं का सामूहिक विसर्जन किया गया। इसके लिए सभी 11 दुर्गा प्रतिमाओं को सांदीपनी विद्यालय के खेल मैदान में एकत्रित किया गया। यहां से भव्य दशहरा चल समारोह निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिवनी मार्ग की ओर गया। इसके बाद शोभायात्रा मंडला मार्ग स्थित वैनगंगा नदी के छोटे पुल घाट पहुंची, जहां सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।
स्वर्गीय जितेंद्र सिंह पटेल के कार्यकाल की यादें हुईं ताजा
नगर में इस तरह का आयोजन लंबे अंतराल के बाद देखने को मिला। वर्ष 2000 के दशक में जब स्वर्गीय जितेंद्र सिंह पटेल केवलारी थाना प्रभारी हुआ करते थे, तब उनकी पहल पर भी इस तरह का दृश्य देखने को मिलता था। लगभग तीन दशक बाद एक बार फिर दशहरा चल समारोह और सामूहिक विसर्जन होने से नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।
प्रशासनिक समन्वय से सफल हुआ आयोजन
चल समारोह और सामूहिक विसर्जन में नव नियुक्त एसडीएम बैद्यनाथ बासनिक, एसडीओपी अनीशा जैन, नगर निरीक्षक पीतम सिंह तिलगाम, पुलिस एवं प्रशासनिक अमले, नगर परिषद सीएमओ चंद्रकिशोर भवरे और कर्मचारियों की भूमिका रही। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी सिंह बघेल सहित नगर के जागरूक नागरिकों और दुर्गा उत्सव समितियों के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ।
तीन दशक बाद निकले इस चल समारोह को देखकर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक विसर्जन से नगर में धार्मिक एकता, आपसी समन्वय और उत्सव का वातावरण देखने को मिला।

श्रीराम दल समिति ने धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व

वैदिक मंत्रोच्चार और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच हुई महाआरती, 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का श्रीराम के अग्निबाण से हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

श्रीराम दल समिति द्वारा नगर के बड़ा मिशन ग्राउंड में दशहरा पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आकर्षक आतिशबाजी से सजे इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में धार्मिक परंपराओं के साथ भारतीय संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का संदेश दिया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर पांच वैदिक ब्राह्मणों द्वारा संपन्न महाआरती, कलाकारों की मनमोहक कृष्णलीला और 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन रहा।
कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दल समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य एवं विधायक दिनेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, जिला कलेक्टर नेहा मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, नरेश दिवाकर, राजकुमार खुराना एवं शंकरलाल सोनी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया और धार्मिक वातावरण के बीच दशहरा उत्सव की गतिविधियां प्रारंभ हुईं।

बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर हुई भव्य महाआरती

दशहरा उत्सव के दौरान महाआरती ने श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। बनारस की प्रसिद्ध गंगा आरती की तर्ज पर पांच वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती संपन्न कराई गई। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की और धर्म, सत्य तथा सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भव्य आरती और धार्मिक अनुष्ठान ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।
शिवशक्ति आर्ट ग्रुप ने कृष्णलीला की मनमोहक प्रस्तुति से मोहा मन कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। इंदौर के शिवशक्ति आर्ट ग्रुप तथा जबलपुर और नागपुर से आए 20 कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित मनमोहक नृत्यनाटिका



प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा, आकर्षक वेशभूषा और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से कृष्णलीला के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। दर्शकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के समन्वय ने दशहरा उत्सव को यादगार बना दिया।

श्रीराम के अग्निबाण से 51 फीट ऊंचे रावण का दहन

दशहरा पर्व के मुख्य आकर्षण के रूप में रात्रि 10 बजे आकर्षक आतिशबाजी के बीच 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। भगवान श्रीराम के अग्निबाण से रावण के पुतले का दहन होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने उत्सव के माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बड़ा मिशन ग्राउंड पहुंचे थे। रावण दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया।
दशहरा पर्व भारतीय संस्कृति में सत्य, धर्म और मर्यादा की विजय का प्रतीक माना जाता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए यह पर्व समाज को बुराइयों का त्याग कर सदाचार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश देता है। श्रीराम दल समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला।

व्यायामशालाओं की अगुवानी में निकली श्रीराम रथ विजय यात्रा

रावण दहन के पश्चात श्रीराम रथ विजय यात्रा निकाली गई। व्यायामशालाओं की अगुवानी में निकली इस यात्रा ने दशहरा उत्सव की भव्यता को और बढ़ा दिया। यात्रा के दौरान धार्मिक उत्साह और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच नगर भ्रमण किया गया। श्रीराम रथ विजय यात्रा ने नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार किया। यह यात्रा माता महाकाली एवं माता रानी के विसर्जन मार्ग को प्रशस्त करते हुए नगर भ्रमण पर निकली। विभिन्न धार्मिक परंपराओं और उत्सवी आयोजनों के समन्वय से नगर में दशहरा पर्व का उल्लास दिखाई दिया। श्रीराम रथ विजय यात्रा के माध्यम से भगवान श्रीराम की विजय और धर्म की स्थापना का संदेश जन-जन तक पहुंचा।

प्रशासन, पुलिस और मीडिया के सहयोग के लिए जताया आभार

श्रीराम दल समिति द्वारा दशहरा पर्व के सफल आयोजन के लिए प्रशासन, पुलिस विभाग और मीडिया प्रतिनिधियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इतने बड़े आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में संबंधित विभागों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया गया। समिति के सदस्यों ने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों, श्रद्धालुओं और नगरवासियों का धन्यवाद किया।
श्रीराम दल समिति का यह आयोजन धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक बना। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति, वैदिक महाआरती, कृष्णलीला, आकर्षक आतिशबाजी और रावण दहन के साथ सिवनी में दशहरा पर्व उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

श्री महावीर व्यायामशाला ने दशहरा चल समारोह में किया शस्त्र कला और जिम्नास्टिक का अद्भुत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विजयादशमी के पावन अवसर पर नगर में निकाले गए दशहरा चल समारोह में श्री महावीर व्यायामशाला, सिवनी द्वारा शौर्य, साहस, अनुशासन और भारतीय पारंपरिक व्यायाम कला का शानदार प्रदर्शन किया गया। व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने शस्त्र संचालन की पारंपरिक कला के साथ जिम्नास्टिक के अद्भुत करतब दिखाकर उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने समारोह में उत्साह और रोमांच का वातावरण निर्मित किया।
दशहरा चल समारोह में शामिल होने से पूर्व श्री महावीर व्यायामशाला परिसर में अतिथियों की उपस्थिति में विशेष शस्त्र प्रदर्शन एवं जिम्नास्टिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान व्यायामशाला के प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने विभिन्न शस्त्रों के संचालन में अपनी दक्षता, शारीरिक संतुलन, फुर्ती और साहस का परिचय दिया। जिम्नास्टिक के दौरान खिलाड़ियों ने कठिन शारीरिक अभ्यासों और आकर्षक करतबों का प्रदर्शन किया। उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खिलाड़ियों की प्रतिभा और अभ्यास की सराहना की।



दशहरा चल समारोह में जगह-जगह हुआ प्रदर्शन

श्री महावीर व्यायामशाला द्वारा दशहरा चल समारोह के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए प्रदर्शन की व्यवस्था की गई। नगर के शुक्रवारी क्षेत्र से प्रारंभ होकर नेहरू रोड, शंकर मढ़िया और छिंदवाड़ा चौक सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने शस्त्र कला और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया। मार्ग में जगह-जगह खिलाड़ियों ने अपने हैरतअंगेज करतबों से लोगों को रोमांचित किया।
चल समारोह के दौरान शस्त्र संचालन की पारंपरिक कला ने भारतीय संस्कृति और वीरता की परंपरा का स्मरण कराया। वहीं जिम्नास्टिक के प्रदर्शन ने युवाओं की शारीरिक क्षमता, एकाग्रता और कठिन अभ्यास के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। खिलाड़ियों के अनुशासित प्रदर्शन को देखने के लिए मार्ग में मौजूद लोगों की भीड़ आकर्षित हुई और समारोह का उत्साह बढ़ा।

भारतीय परंपरा, शौर्य और अनुशासन का संदेश

श्री महावीर व्यायामशाला सिवनी द्वारा दशहरा चल समारोह में किया गया प्रदर्शन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने पारंपरिक शस्त्र कला, शारीरिक व्यायाम और अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित किया। विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। ऐसे अवसर पर शस्त्र कला का प्रदर्शन भारतीय वीर परंपरा और आत्मरक्षा के महत्व को उजागर करता है।
व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने अपने अभ्यास, समन्वय और साहस के माध्यम से यह संदेश दिया कि नियमित व्यायाम से शारीरिक क्षमता के साथ आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास होता है। श्री महावीर व्यायामशाला की सहभागिता ने सिवनी के दशहरा चल समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विश्वास और समर्थन के लिए सहयोगियों का माना आभार



सिवनी। आज सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने विश्वास और समर्थन के लिए सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया को प्राप्त समर्थन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती डेहरिया के विरुद्ध व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते लाया गया अविश्वास प्रस्ताव मतों की गणना के आधार पर विफल रहा। जिसके लिए मै सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल , प्रदेश संगठन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते , सांसद श्रीमती भारती पारधी जी, विधायक कमल मर्सकोले जी एवं समस्त जिला भाजपा संगठन का सहयोग एवं समर्थन के लिए हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान जिला भाजपा कार्यालय मे भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया को मिष्ठान खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

ग्राम गोपालगंज में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 अक्टूबर 2026 को सिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत गोपालगंज में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर आयोजित किया जाएगा।
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार शिविर के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों की सुनवाई करेंगे तथा प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ परीक्षण कर यथासंभव मौके पर ही निराकरण करने तथा शेष प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

समान नागरिक संहिता: प्रत्येक परिवार के लिए न्याय, समानता और गरिमा को बढ़ावा देना

हरिभूमि न्यूज सिवनी। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस भारत की समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में संवैधानिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुस्लिम समुदाय के लिए, यह विषय राजनीतिक तर्कों से परे एक जानकारीपूर्ण और रचनात्मक चर्चा का हकदार है। केंद्रीय प्रश्न यह है कि विवाह, तलाक और उत्तराधिकार से संबंधित नागरिक कानून व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा, पारिवारिक सुरक्षा को सुदृढ़ और यह सुनिश्चित कैसे कर सकते हैं कि महिलाओं को कानून के तहत उचित व्यवहार मिले।
संविधान इन प्रश्नों की जांच के लिए एक ढांचा प्रदान करता है। अनुच्छेद 44, राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के अंतर्गत, राज्य को पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने का निर्देश देता है। हालांकि यह प्रावधान न्यायालयों द्वारा सीधे लागू करने योग्य नहीं है, अनुच्छेद 37 यह घोषित करता है कि निर्देशक सिद्धांत देश के शासन के लिए मौलिक हैं। साथ ही, अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। अनुच्छेद 15 धर्म और लिंग सहित विभिन्न आधारों पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है, जबकि अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करता है। अनुच्छेद 25 और 26 धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं, बशर्ते कि उन प्रावधानों में निर्दिष्ट संवैधानिक सीमाएं लागू हों। समान नागरिक संहिता के प्रति संतुलित दृष्टिकोण में इन सिद्धांतों को एक साथ मान्यता देना आवश्यक है, यह सुनिश्चित करते हुए कि समानता की प्राप्ति संवैधानिक स्वतंत्रताओं के अनुरूप बनी रहे।
सुविचारित नागरिक संहिता का एक संभावित लाभ पारिवारिक मामलों में महिलाओं के लिए मजबूत कानूनी संरक्षण है। विवाह में पति-पत्नी दोनों के अधिकार और जिम्मेदारियां शामिल होती हैं, और कानून को उन जिम्मेदारियों की उपेक्षा होने या संबंध टूटने की स्थिति में प्रभावी सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। विवाह पंजीकरण और तलाक के लिए स्पष्ट कानूनी प्रक्रियाएं किसी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति स्थापित करने, विवादों को कम करने और कानूनी सुरक्षा की आवश्यकता होने पर दस्तावेजी साक्ष्य प्रदान करने में मदद कर सकती हैं। निष्पक्ष प्रक्रियाएं महिलाओं के लिए परित्याग, वित्तीय असुरक्षा या अनुचित व्यवहार जैसी स्थितियों में न्याय पाने को भी आसान बना सकती हैं।
मुस्लिम महिलाओं के लिए, ऐसे सुरक्षा उपाय अधिक कानूनी निश्चितता प्रदान कर सकते हैं और न्याय तक उनकी पहुंच में सुधार कर सकते हैं। जिन महिलाओं के पास स्वतंत्र वित्तीय संसाधन या कानूनी प्रक्रियाओं का ज्ञान नहीं होता, उन्हें अक्सर अपने हितों की रक्षा करने में विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कानूनी सहायता और प्रभावी प्रवर्तन द्वारा समर्थित एक सुलभ नागरिक ढांचा इन समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। हालांकि, लाभ कानून के वास्तविक प्रावधानों पर निर्भर करते हैं। केवल एक समान लेबल न्याय की गारंटी नहीं दे सकता। कानूनी ढांचे को सार्थक उपाय प्रदान करने चाहिए और पति-पत्नी दोनों को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। मनमानी से बचना और यह सुनिश्चित करना कि महिलाएं अनावश्यक बाधाओं के बिना अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें।
उत्तराधिकार एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है जिसमें नागरिक कानून परिवारों की सुरक्षा को सीधे प्रभावित करता है। संपत्ति पर किसी व्यक्ति का अधिकार आवास, शिक्षा, वित्तीय स्वतंत्रता और दीर्घकालिक स्थिरता तक पहुंच को प्रभावित कर सकता है। एक समान ढांचा उत्तराधिकार प्रक्रियाओं को स्पष्ट कर सकता है, परिवारों को उनके कानूनी अधिकारों की पहचान करने में मदद कर सकता है और संपत्ति विवादों के दौरान अनिश्चितता को कम कर सकता है। सुलभ अभिलेख, समझने योग्य नियम और किफायती कानूनी उपाय विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए फायदेमंद हो सकते हैं जिन्हें अन्यथा अपने दावों को स्थापित करने या लागू करने में कठिनाई हो सकती है। उत्तराधिकार पर यूसीसी के सटीक परिणामों का आकलन इसके वास्तविक प्रावधानों के माध्यम से किया जाना चाहिए। एकरूपता का अर्थ स्वतः ही प्रत्येक उत्तराधिकारी के लिए समान हिस्सा होना नहीं है, न ही यह गारंटी देता है कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक अनुकूल परिणाम प्राप्त होगा। व्यापक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि संपत्ति अधिकार पारदर्शी हों, कानूनी रूप से लागू करने योग्य हों और जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है उनके लिए सुलभ हों।

कोई भी मजरा-टोला सडक से वंचित नहीं रहेगा - मंत्री प्रहलाद पटेल

मंत्री प्रहलाद पटेल ने गर्रा में ई-लायब्रेरी का उद्घाटन किया









सलीम शाह, हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 22 अक्टूबर को बालाघाट जिले के प्रवास के दौरान लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत गर्रा में नवनिर्मित ई-लायब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने 124 करोड़ 06 लाख रुपये की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही, उन्होंने जिला सरपंच संघ के सम्मेलन को भी संबोधित किया।

इस अवसर पर बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक राजकुमार कर्हाहे, विवेक विक्की पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जिला पंचायत सीईओ सुश्री तनुश्री मीणा, शिक्षाविद् श्रीमती लता ऐलकर, अभय सेठिया, अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर, जिला पंचायत सदस्य डूलेंद्र ठाकरे, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत गर्रा के सरपंच वैभव बिसेन, विशाल बिसेन, समाजसेवी डॉ अशोक गुप्त, पत्रकार सलीम शाह, पत्रकार आशीष वर्मा, पंच श्रीमती जुबेदा शाह, पंच ज्ञानेश्वरी पटले, रजनीश ठाकरे, महेन्द्र परिहार, गजानन्द पटले, संजय कटरे, अक्षय सोनटके, शुभम वर्मा, लक्की पटले, आलोक शरणागत, अभय सदाफल, कपील झारिया, विपराव कोरे अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



ग्राम पंचायतों के पास विकास कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं : मंत्री श्री पटेल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों के पास विकास के लिए राशि की कमी नहीं है। ग्राम पंचायत गर्रा ने ई-लायब्रेरी शुरू कर युवाओं के लिए एक अच्छी पहल की है। 16वें वित्त आयोग की राशि भारत सरकार से सीधे ग्राम पंचायतों में आ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा भी छठा वित्त आयोग शुरू किया जा रहा है, जिसकी राशि भी ग्राम पंचायतों को सीधे मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें इस राशि का उपयोग नल-जल योजना के संचालन में कर सकती हैं। ग्राम पंचायतों को टैक्स लेने का अधिकार है। वे अपने क्षेत्र में नियमानुसार टैक्स लेकर अपनी आय बढ़ाएं। ग्राम पंचायत जब ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराती है, तो उसे जलकर लेने से पीछे नहीं हटना चाहिए।

अगले तीन साल में प्रदेश का कोई भी मजरा-टोला सड़क से वंचित नहीं रहेगा

मंत्री पटेल ने कहा कि गर्रा में जिले के 124 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई यह योजना गांवों के लिए वरदान है। आने वाले तीन साल के बाद प्रदेश का कोई भी मजरा-टोला सड़क से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने रहवासी क्षेत्रों के नए मापदंड निर्धारित किए हैं। इसके तहत 20 मकान, 100 की आबादी अथवा 6 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र को टोला-मजरा मानकर वहां पक्की सड़क पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 500 की आबादी वाले टोले-मजरे तक सड़क पहुंचाने के लिए टेंडर हो चुके हैं।

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम जनमन) में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 27 लाख 50 हजार लोगों की आवास प्लस सूची में शामिल सभी हितग्राहियों के आवास स्वीकृत कर दिए गए हैं। अब छूटे हुए लोगों के लिए तीसरा सर्वे शुरू किया जा रहा है।

प्रदेश में 2,472 ग्राम पंचायत भवन दिसंबर 2026 तक होंगे पूर्ण

मंत्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा प्रदेश में 2,472 ग्राम पंचायत भवन स्वीकृत किए गए थे, जो दिसंबर 2026 तक पूर्ण होकर लोकार्पित कर दिए जाएंगे। इसी प्रकार, 3,700 से अधिक सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी लागत 25 लाख रुपये से कम नहीं है। पांच हजार से अधिक आबादी वाली पंचायतों को दो सामुदायिक भवन दिए जा रहे हैं। जिन पंचायतों में ग्राम पंचायत भवन नहीं था, उन्हें सबसे पहले ग्राम पंचायत भवन स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 106 जनपद पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही प्रदेश के चार नए जिलों एवं दतिया जिले के लिए जिला पंचायत भवन भी स्वीकृत किए गए हैं।

मंत्री पटेल ने कहा कि वीबी-जीरामजी योजना में कार्यों पर कोई रोक नहीं है। ग्राम पंचायतें मनरेगा की तरह ही इस योजना के अंतर्गत भी कार्य करा सकती हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायत की बैठकों में पंचों एवं सदस्यों का शामिल नहीं होना चिंतन का विषय है। सभी पंचों को ग्राम पंचायत की बैठकों में तथा ग्रामीणों को ग्रामसभा की बैठकों में अवश्य शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार पंचायत समितियों को अधिकार देने जा रही है, जिससे वे अपनी पंचायत के विकास से संबंधित निर्णय ले सकें।

निरीक्षण में अस्पताल पहुंचे कलेक्टर से कहा-हुजूर कभी बगैर बताये आईये

अव्यवस्थाओं की पोल खोलती महिला - सफाई, शौचालय, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बेबाकी से बताईं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान गुरुवार को कलेक्टर आदित्य सिंह के सामने एक महिला ने अस्पताल की अव्यवस्थाओं की पोल खोल दी। महिला ने सफाई, शौचालय, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बेबाकी से बताईं। शिकायतें सुनकर मौके पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारी असहज नजर आए। **महिला ने कलेक्टर से यहां तक कहा कि वे रात में बिना बताए अस्पताल आएं, तब उन्हें वास्तविक स्थिति पता चलेगी।**

कलेक्टर पहली बार जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान शिशु वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों ने व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें कीं। महिला ने बताया कि वार्ड की खिड़कियों में जाली और कांच नहीं होने से मच्छर अंदर आ जाते हैं। उल्टी करने के लिए बाल्टी तक उपलब्ध नहीं है। वार्ड में गंदगी रहती है और नाश्ता भी नहीं मिलता। ऐसे में परिजनों को कैंटीन में जाकर खाना खाना पड़ता है।

महिला ने यह भी कहा कि मरीजों को मिलने वाली दाल और सब्जी पानी जैसी होती है। उसने कलेक्टर से कहा कि उनके आने की सूचना मिलने पर सफाई कर दी गई, लेकिन उनके जाने के बाद व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। महिला ने नर्सों के व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई। महिला की शिकायतें सुनने के बाद कलेक्टर ने व्यवस्थाओं में सुधार का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अब वे अस्पताल का लगातार निरीक्षण करते रहेंगे। इसके बाद कलेक्टर ने शिशु वार्ड सहित अन्य वार्डों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ट्रॉमा सेंटर के सामने बह रहे गंदे पानी की उचित निकासी कराने, मरीजों के लिए बेड की मांग पूरी करने और शौचालयों की सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए। अस्पताल के खराब सामान को कबाड़ में बेचने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने को भी कहा। उन्होंने बच्चों और पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों को दिए जाने वाले भोजन के मेन्यू की जानकारी ली। साथ ही सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाश्ते में दिए जा रहे उपमा का स्वाद भी चखा। निरीक्षण के दौरान क्या व्यवस्थाएं बेहतर मिलीं और कहां कमियां थीं, इस संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया, लेकिन कलेक्टर बिना बात किए चले गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. शत्रुघ्न दाहिया, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा। जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। नए भवन बनने के बावजूद मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं, यह सवाल बना हुआ है। अब देखना होगा कि कलेक्टर के निर्देशों के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं में कितना सुधार होता है।

15 घरों में बिक रही शराब से बच्चे भी नशे की चपेट में

अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने छेड़ा संग्राम



हरिभूमि न्यूज कटंगी। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवथाना के आश्रित ग्राम चंबूटोला में अवैध शराब की बिक्री ने पूरे गांव का सामाजिक ताना-बाना तहस-नहस कर दिया है। घर-घर बिकने वाली सस्ती और कच्ची शराब ने जहां गांव के युवाओं और छोटे-छोटे बच्चों को नशे की अंधेरी गली में धकेल दिया है, वहीं महिलाओं का शाम होते ही घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। गांव की इस बिगड़ती दशा से त्रस्त होकर आखिरकार महिलाओं ने हिम्मत दिखाई है और 22 अक्टूबर गुरुवार से गांव में नशा मुक्ति अभियान की मुहिम छेड़ दी है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। गांव में करीब 15 से अधिक लोग अपने ही घरों से अवैध रूप से कच्ची और देसी शराब बेच रहे हैं। महज 20 से 30 रुपए में मिलने वाली इस शराब को खरीदने के लिए 10 से 12 साल के छोटे-छोटे बच्चे भी पहुंच रहे हैं। धीरे-धीरे बच्चे शराब के साथ-साथ अन्य मादक पदार्थों का भी सेवन करने लगे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। महिलाओं ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा कि शाम ढलते ही गांव में शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। नशे में धुत होकर वे रास्ते चलते अभद्र व्यवहार करते हैं। कई बार तो वे महिलाओं और बेटियों के सामने ही अश्लील हरकतें करते हैं और खुलेआम पेशाब करने लगते हैं। इस कारण महिलाओं को घोर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है और वे खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं।

महिलाओं ने बताया कि घर-घर शराब बिकने लगी है, तब से कोई भी महिला सुरक्षित नहीं है। हमारे पति, बेटे दिन भर मेहनत करते हैं और शाम को सारी कमाई शराब में उड़ा देते हैं। घर में झगड़ा, मारपीट रोज की बात हो गई है। गौरतलब है कि ग्राम टेकाड़ी (का) में महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान चलाकर एक मिसाल पेश की। वहां महिलाओं की एकजुटता के चलते अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लग गई थी। उसी से प्रेरणा लेकर अब चंबूटोला की महिलाओं ने भी कमर कस ली है। गुरूवार की सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर कटंगी थाने पहुंची और पुलिस को गांव की स्थिति से अवगत कराया। महिलाओं ने पुलिस से गांव में तत्काल अवैध शराब की बिक्री बंद कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। महिलाओं की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कटंगी पुलिस शाम 5 बजे गांव पहुंची। जहां पुलिस और महिलाओं ने संयुक्त रूप से गांव में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली।

नशा मुक्ति अभियान की महिलाओं से अभद्रता पर 3 पर एफआईआर

टेकाड़ी (का) में शिव मंदिर के सामने शराबखोरी मचा बवाल



हरिभूमि न्यूज कटंगी।


कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम टेकाड़ी (का) में नशा मुक्ति को लेकर चल रहे अभियान के बीच एक शर्मनाक घटना सामने आई है। गांव के आराध्य भगवान शिव के मंदिर के ठीक सामने बैठकर खुलेआम शराब पीने और विरोध करने पर महिलाओं के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया और देर रात तक थाने में हंगामा होता रहा। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(ए), 351(3) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, घटना 21 अक्टूबर की शाम लगभग साढ़े 7 बजे की है। नशा मुक्ति अभियान की उपाध्यक्ष अल्का ठाकरे ने अपनी शिकायत में बताया है कि गांव की महिलाएं 1 अक्टूबर से गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए अनवरत अभियान चला रही हैं। इस अभियान के तहत गांव में देसी-विदेशी और कच्ची महुआ शराब की अवैध बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। अल्का ठाकरे ने बताया कि अभियान को कटंगी पुलिस का भरपूर सहयोग मिल रहा है। महिलाओं की मांग पर पुलिस ने गांव में एक अस्थायी पुलिस चौकी भी स्थापित कर दी है। पुलिस की मौजूदगी और महिलाओं की कड़ी निगरानी के कारण पिछले 20 दिनों से गांव में कहीं भी अवैध शराब की बिक्री नहीं हो रही थी और खुले में शराब पीने वालों पर भी पूरी तरह से लगाम लग गई थी। 21 अक्टूबर की शाम अल्का ठाकरे अन्य महिलाओं के साथ गांव में निगरानी के लिए निकली थीं। इसी दौरान उन्होंने देखा कि गांव के शिव मंदिर परिसर में महेन्द्र भगत, गंगाराम ऐड़े और देवीचरण राहंगडाले बैठकर शराब पी रहे हैं। जब महिलाओं ने उन्हें मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर शराब पीने से मना किया और समझाइश दी, तो तीनों ने नशे में चूर होकर महिलाओं के साथ अश्लील गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने महिलाओं को धमकाते हुए कहा कि जान से मार देंगे, ज्यादा नेतागिरी मत करो। इस घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली, ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

रात 11 बजे थाने का घेराव, तब दर्ज हुई एफआईआर-

महिलाओं के साथ हुई अभद्रता से आहत होकर रात करीब 11 बजे नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर कटंगी थाने पहुंच गईं। महिलाओं ने थाने के सामने डटकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का कहना था कि अगर आज इन लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो उनका पूरा नशा मुक्ति अभियान फेल हो जाएगा और फिर से गांव में शराब का खुला खेल शुरू हो जाएगा। लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने अल्का ठाकरे की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। कटंगी थाना प्रभारी ने बताया कि महिलाओं द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान सराहनीय है। पुलिस इस अभियान के साथ है। मंदिर जैसे सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर शराब पीना और महिलाओं के साथ अभद्रता करना गंभीर अपराध है। तीनों आरोपियों पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। साथ ही गांव में अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए और अधिक सख्ती की जाएगी।

कंजई में गूंजा जय श्रीराम का जयघोष, बाल रूप राम-लक्ष्मण की रैली के बाद धू-धू कर जला रावण

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व ग्राम कंजई में सरपंच आनंद बिसेन के मार्गदर्शन में श्रद्धा,धार्मिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बालकृष्ण बिसेन,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शोभा सोनी, सुदर्शन बिसेन एवं अन्य वरिष्ठजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।सरपंच आनंद बिसेन के मार्गदर्शन में आयोजित इस पर्व पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी के बाल स्वरूपों की आकर्षक रैली निकाली गई। गांव के विभिन्न मार्गों से निकली रैली के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। इसके बाद बाजार चौक में रावण दहन किया गया, जिसने भगवान श्रीराम की विजयगाथा और धर्म की महत्ता का संदेश दिया। दशहरा उत्सव के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी के बाल स्वरूपों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। रैली के माध्यम से गांव में धार्मिक आस्था और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का संदेश प्रसारित हुआ। पर्व को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और पूरा माहौल राममय नजर आया।




धान खरीदी की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था, धान का परिवहन, गोदामों एवं ओपन कैप में भंडारण तथा कस्टम मिलिंग की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान के सुरक्षित भंडारण के लिए आवश्यकता के अनुसार गोदामों का चिन्हांकन समय पर कर लिया जाए। किसानों से खरीदे जाने वाले धान की कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलर्स से शीघ्र अनुबंध करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे राइस मिलर्स उपार्जन केंद्रों से सीधे धान का उठाव कर मिलिंग कर सकें। राइस मिलर्स को उनकी मिलिंग क्षमता के अनुसार ही धान उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि धान खरीदी से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी कर ली जाएं, ताकि उपार्जन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कस्टम मिलिंग के संबंध में राइस मिलर्स के साथ शीघ्र बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

शासकीय महाविद्यालय लांजी में आज जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

22 अक्टूबर को पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में जुटेंगे जिले के खिलाड़ी, सुबह 11 बजे होगा शुभारंभ; शाम 5 बजे आयोजित होगा समापन समारोह



हरिभूमि न्यूज लांजी। शासकीय महाविद्यालय लांजी, जिला बालाघाट में 22 अक्टूबर 2026 को जिला स्तरीय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर महाविद्यालय द्वारा तैयारियां की गई हैं। इस खेल आयोजन में जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। महाविद्यालय द्वारा जारी आमंत्रण के अनुसार, प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे आयोजित होगा। वहीं, प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन उसी दिन शाम 5 बजे किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना तथा खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय लांजी की प्राचार्य डॉ. गौतमा कठाने करेंगी। महाविद्यालय प्रबंधन ने खेल प्रेमियों एवं संबंधित लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलने की उम्मीद है।

किरनापुर में प्रस्फुटन समितियों समितियां का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज किरनापुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड किरनापुर सेक्टर कृमांक ०२किन्ही अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी व ब्लाक समन्वयक रूचिका बैश जी के संयुक्त मार्गदर्शन मे तथा नवांकुर संस्था राजभूषण सोशल सोसायटी भूआ के सहयोग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्व प्रथम भारत माता के पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। बी सी मेडम द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। मेंटर्स जगदिश पांचे जी द्वारा विषयानुसार समितियों को जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम मे पंचायत सचिव पटले , ब्लाक समन्वयक रूचिका बैश, परामर्शदाता जगदीश पांचे , नवांकुर प्रभारी दिनेश चोरनेले, सभी प्रस्फुटन समितियों से सदस्य गण कार्यक्रम मे सहयोग प्रदान किया।